हिंदी दैनिक

# उदय समाचार

एक नई सोच

वर्ष : 01 अंक : 205 कानपुर, शनिवार 23 जुलाई 2022 पृष्ठ :4 मूल्य : 2 रुपये

## भाजपा पार्षद के भतीजे की हत्या, पहले गोली मारी फिर ईंट से कुचला सिर

## पीएम मोदी ने की जनता से अपील, 13 से 15 अगस्त के बीच अपने घर पर जरूर फहराएं तिरंगा

इस बार स्वतंत्रता दिवस का खास बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से हर घर तिरंगा मुहिम को सफल बनाने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच अपने–अपने घरों में राष्ट्रध्वज जरूर फहराएं। पीएम मोदी ने इसको लेकर ट्वीट भी किया। उन्होंने लिखा, यह मुहिम तिरंगे के साथ हमारे जुड़ाव को गहरा करेगी। उन्होंने उल्लेख किया कि 22 जुलाई, 1947 को ही तिरंगे को राष्ट्रध्वज के रूप में अपनाया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा, हम आज उन सभी लोगों के साहस और प्रयासों को याद करते हैं, जिन्होंने उस समय स्वतंत्र भारत के लिए एक ध्वज का स्वप्न देखा था, जब हम औपनिवेशिक शासन के खिलाफ लड़ रहे थे। हम उनके सपने को पूरा करने और उनके सपनों के भारत का निर्माण करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि इस साल, जब हम 'आजादी का अमृत' महोत्सव मना रहे हैं, तो आइए 'हर घर तिरंगा' आंदोलन को मजबूत करें। 13 से 15 अगस्त के बीच अपने घरों में तिरंगा फहराएं या प्रदर्शित करें।

यह मुहिम राष्ट्रध्वज के साथ अपने जुड़ाव को गहरा करेगी। मोदी ने तिरंगे को राष्ट्रध्वज के रूप में अपनाने संबंधी आधिकारिक संवाद की जानकारी भी ट्विटर पर साझा की। उन्होंने भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा फहराए गए पहले तिरंगे की तस्वीर भी ट्वीट की। दरअसल, सरकार ने भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर 'हर घर तिरंगा' मुहिम शुरू करने की योजना बनाई है।



## राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव को और प्रबल भी करता है तिरंगा– अमित शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को देशवासियों से 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील करते हुए कहा कि तिरंगा हमारे अंदर राष्ट्र के प्रति समर्पण के भाव को और प्रबल भी करता है। शाह ने ट्वीट कर कहा– हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा न सिर्फ हर देशवासी को एकता के सूत्र में पिरोता है बल्कि हमारे अंदर राष्ट्र के प्रति समर्पण के भाव को और प्रबल भी करता है। 22 जुलाई 1947 के ही दिन तिरंगे के वर्तमान स्वरूप को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाने की घोषणा हुई थी। गृहमंत्री ने कहा– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आजादी के इस अमृत महोत्सव में हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान से देशभर में लगभग 20 करोड़ घरों पर तिरंगे फहराये जाएंगे, जो हर नागरिक विशेषकर युवाओं के मन में देशभक्ति की अखंड ज्योति को और अधिक प्रखर करने का काम करेगा। उन्होंने कहा– मैं सभी से अपील करता हूं कि 13 से 15 अगस्त तक सभी अपने घरों पर तिरंगा फहराकर इस अभियान से जुड़ें। इससे हमारी युवा पीढ़ी में हम तिरंगे के प्रति सम्मान और जुड़ाव को और बढ़ा पाएंगे साथ ही स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले वीरों का त्याग उन्हें बता पाएंगे।



## कारवां ठहर गया वो सरकारें तोड़ते रहे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को लेकर अखिलेश ने भाजपा पर कसा तंज

बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का एक और वीडियो ट्वीटर पर शेयर करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है। बारिश से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में आई दरार का वीडियो शेयर करते हुए अखिलेश ने लिखा कि ये हैं भाजपा के तथाकथित नवीनतम विकास के नवीनतम खंडहर! बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे की ये जो दरार है दरअसल ये भाजपा का भ्रष्टाचार है। जनता को नफ़रत की राजनीति में झोंक कर विकास के नाम पर आटे तक पर वसूले जा रहे पैसों से क्या ऐसा ही विकास होगा। कारवाँ ठहर गया वो सरकारें तोड़ते रहे। इससे पहले भी अखिलेश यादव ने गुरुवार को ट्विटर पर बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की टूटी सड़क का वीडियो शेयर कर भाजपा सरकार में हुए काम की असलियत दिखाई थी। उन्होंने लिखा था कि ये है ये है भाजपा के आधे–अधूरे विकास की गुणवत्ता का नमूना। उधर बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का बड़े लोगों ने उद्घाटन किया ही था कि इधर एक हफ्ते में ही इस पर भ्रष्टाचार के बड़े–बड़े गड्ढे निकल आए।

अच्छा हुआ इस पर रनवे नहीं बना। आपको बता दें कि सोशल मीडिया पर बीते बुधवार से एक्सप्रेसवे के कुछ वीडियो और फोटो वायरल हो रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि वायरल वीडियो और फोटो बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का है, जिसका 16 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया था। वीडियो में यह भी दावा किया गया है कि पहली बारिश में ही एक्सप्रेसवे की परत खुल गई है और जगह–जगह दो से तीन फुट तक के गड्ढे बन गए हैं।



## हम भगत सिंह की और तुम सावरकर की औलाद, सीबीआई जांच की सिफारिश पर भड़के केजरीवाल

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से दिल्ली सरकार की एक्साइज पॉलिसी की सीबीआई जांच की सिफारिश के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसे झूठा केस बताया है। आबकारी विभाग संभालने वाले मनीष सिसोदिया को कट्टर ईमानदार बताते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हो रहे अच्छे काम को रोकने के लिए उन्हें जेल भेजने की तैयारी की गई है। आम आदमी पार्टी के संयोजक ने बिना नाम लिए भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए वीर सावरकर और भगत सिंह का भी जिक्र किया। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब में जीत के बाद आम आदमी पार्टी की देशभर में आंधी है और इसे रोकने की कोशिश में कीचड़ उछाला जा रहा है। अरविंद केजरीवाल ने मनीष सिसोदिया को क्लीनचिट देते हुए कहा, जेल से हमें डर नहीं लगता। तुम सावरकर की औलदा हो, तुम लोग सावरकर की औलाद हो, जिसने अंग्रेजों से माफी मांगी थी। हम भगत सिंह की औलाद हैं, हम भगत सिंह को अपना आदर्श मानते हैं, जिसने अंग्रेजों के सामने झुकने से मना कर दिया और फांस पर लटक गए। हमें जेल और फांसी से डर नहीं लगता। कई बार जेल हो आए हैं।श्श केजरीवाल ने एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वह सिसोदिया को 22 साल से जानते हैं और वह एक बेहद ईमानदार व्यक्ति हैं। अरविंद केजरीवाल ने अपने बुराने बयानों का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने पहले ही कह दिया था कि मनीष सिसोदिया को जेल में डाला जा सकता है। केजरीवाल ने कहा, सीबीआई जल्द ही एक फर्जी केस में मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करने वाली है। मनीष एक कट्टर ईमानदार आदमी हैं, जिन पर झूठे आरोप लगाये जा रहे हैं। अब देश में नया सिस्टम लागू हो गया है। पहले तय किया जाता है किसे जेल भेजना है, फिर उसके खिलाफ फर्जी केस बनाया जाता है। केजरीवाल ने कहा, मुझे पता चला है कि मनीष सिसोदिया के खिलाफ मामले को सीबीआई के पास भेजा गया है और वे उन्हें कुछ दिनों में गिरफ्तार करने वाले हैं। इसमें लेशमात्र भी सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा, अदालत के समक्ष यह मामला टिक नहीं पाएगा। मनीष बेहद ईमानदार व्यक्ति हैं और वह पाक साफ साबित होंगे। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार की आबकारी नीति 2021–22 में नियमों के कथित उल्लंघन और प्रकिया खामियों को लेकर इसकी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से जांच कराए जाने की सिफारिश की है।

सिसोदिया दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग के प्रमुख हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि दिल्ली के मुख्य सचिव की इस महीने की शुरुआत में सौंपी गयी रिपोर्ट के आधार पर सीबीआई जांच की सिफारिश की गई है। इस रिपोर्ट से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम 1991, व्यापारिक लेनदेन की नियमावली–1993, दिल्ली आबकारी अधिनियम 2009 और दिल्ली आबकारी नियम 2010 के उल्लंघनों का पता चलता है।



## पानी की हरेक बूंद की समझनी होगी कीमत, सीएम योगी ने भूगर्भ जल संरक्षण पर दिया संदेश

सीएम योगी आदित्यनाथ ने भूगर्भ जल सप्ताह के समापन समारोह के मौके पर पानी के संरक्षण कार्यक्रम पर जोर दिया। राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन जलशक्ति विभाग के तहत किया गया था। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले पांच सालों में भूगर्भ जल के संरक्षण की दिशा में बेहतर काम किया गया है। इस कार्य को बढ़ाने की जरूरत है। पानी की बूंद–बूंद की कीमत को हमें समझना होगा। सीएम योगी ने कहा कि भूगर्भ जल के साथ वर्षा की हरेक बूंद को संरक्षित करने के पवित्र अभियान से प्रदेश भर के लोगों को जुड़ना होगा। सीएम योगी ने इस दौरान नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि पांच सालों में भूगर्भ जल संरक्षण की दिशा में बेहतर काम किया गया है, लेकिन अभी और भी बहुत कुछ काम करने की जरूरत है। भूगर्भ जल सप्ताह के समापन समारोह के दौरान सीएम योगी ने जल संरक्षण की दिशा में विशिष्ट कार्य करने वाली प्रदेश की 10 संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। सीएम योगी ने यहां भूजल एटलस का विमोचन किया। भारत सरकार की नेशनल हाइड्रोलॉजी प्रोजेक्ट में भूगर्भ जल विभाग उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए मिले सम्मान चिन्ह को सीएम को भेंट किया गया। कार्यक्रम में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्य मंत्री रामकेश निषाद, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भूगर्भ जल की स्थिति में पांच सालों में आए सुधारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भूगर्भीय जल को संरक्षित करने के लिए उतने ही जल का उपयोग करें जितने की आवश्यकता है। हमको एक–एक बूंद की कीमत को समझना पड़ेगा। अमृत सरोवरों को बनाने के साथ ही पोखर, कुंओं, सरोवरों को पुनर्जीवित करना होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया में यूपी की भूमि को सबसे उर्वरा भूमि माना जाता है। भूगर्भीय जल के संरक्षण से इसे बनाए रखने में मदद मिलेगी।



## अब मिशन 2023 की तैयारियों में जुटेगी मध्य प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री करेंगे विभागीय समीक्षा

पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव के बाद अब शिवराज सरकार मिशन 2023 की तैयारियों में जुटेगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 15 अगस्त के बाद विभागीय समीक्षा की शुरुआत करेंगे। इसके लिए सभी विभागों से हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी मांगी गई है। साथ ही सितंबर 2023 तक पांच करोड़ रुपये या उससे अधिक राशि के शिलान्यास और लोकार्पण योग्य कामों की सूची भी मांगी गई है। समीक्षा में मंत्रियों के साथ विभागीय अधिकारी उपास्थित रहेंगे। प्रदेश में नवंबर–दिसंबर 2023 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में आचार संहिता प्रभावित हो सकती है। इसे देखते हुए सरकार ने अपने स्तर पर विधानसभा चुनाव की तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री 15 अगस्त के बाद विभागीय समीक्षा करेंगे। इसमें आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश की कार्ययोजना की पूर्ति की स्थिति, हितग्राहीमूलक योजनाओं की प्रगति, लोक सेवा गारंटी कानून के अंतर्गत लाई जाने वाली सेवाओं में वृद्धि के प्रस्ताव, निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे कार्य और अधोसंरचना विकास के कामों की समीक्षा की जाएगी। विभागों से सितंबर 2023 तक पांच करोड़ रुपये या उससे अधिक लागत के शिलान्यास और लोकार्पण योग्य कामों की सूची मांगी गई है ताकि कार्यक्रम तय किए जा सकें। इसके साथ ही सितंबर 2023 तक सिंगल क्लिक के माध्यम से एक बार में 50 करोड़ रुपये या इससे अधिक राशि के हितग्राहियों को हितलाभ वाली योजनाओं की जानकारी मांगी गई है। सूत्रों का कहना है कि बैठक के बाद प्रतिमाह के कार्यक्रम तय होंगे। यह अलग–अलग जिलों में आयोजित होंगे, जिनमें मुख्यमंत्री हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री जल्द ही रोजगार से जुड़े कार्यक्रमों की समीक्षा भी करेंगे। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के साथ शहरी और ग्रामीण पथ विक्रेता योजना के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शासकीय विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया भी इसी वर्ष प्रारंभ हो जाएगी। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों से स्वीकृत, भरे और रिक्त पदों की जानकारी मांगी है। इसके आधार पर भर्ती के कार्यक्रम तय किए जाएंगे।



# सम्पादकीय

## विचाराधीन कैदी और लोकतंत्र

भारत के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमना और सर्वोच्च न्यायालय ने जेलों में पड़े विचाराधीन कैदियों की ओर देश का ध्यान खींचा है तथा एक ऐसे मुद्दे को सामने रखा है, जिससे हमारा लोकतंत्र कमजोर होता है, आम नागरिकों की आजादी छिनती है और अधिकतर जांचों में जमानत देने की जगह जेल भेजना कायदा बनता जा रहा है. प्रधान न्यायाधीश ने एक संबोधन में रेखांकित किया कि हमारे देश में जेलों में बंद 6.10 लाख नागरिकों में लगभग 80 फीसदी विचाराधीन कैदी हैं.

उन्होंने कहा कि श्न्याय व्यवस्था में प्रक्रिया ही दंड बन गयी है. मनमाने ढंग से गिरफ्तारियों से लेकर जमानत मिलने में मुश्किलों तक की इस प्रक्रिया में लंबे समय तक जेलों में बंद लोगों के इस मामले पर तुरंत ध्यान दिया जाना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि कैदी ब्लैक बॉक्स की तरह हैं. वे ऐसे नागरिक हैं, जिन्हें अक्सर अनदेखा और अनसुना कर दिया जाता है. प्रधान न्यायाधीश ने ऐसे मुद्दे को उठाया है, जिस पर शायद ही कभी चर्चा होती है.

सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह कोई हाल में आयी अस्थायी गिरावट नहीं है, बल्कि भारतीय व्यवस्था की स्थायी विशेषता बन चुकी है. सजा दिलाने के लिए लंबी जांच की बजाय तुरंत हिरासत में लेने के रवैये से भी न्यायिक व्यवस्था पर दबाव बढ़ता है क्योंकि जमानत की अर्जियों की तादाद बहुत अधिक है. चूंकि हिरासत में लेना आम बात है, तो अग्रिम जमानत के लिए भी बहुत सारे लोग अदालत पहुंचते हैं.

इनसे बड़ी अदालतों में बोझ बढ़ता जाता है. इन सबसे ऐसी व्यवस्थागत समस्या पैदा हो गयी है, जिसका समाधान जजों की संख्या बढ़ाकर नहीं किया जा सकता है. हम जानते हैं कि हमारे यहां अभियुक्तों को सजा देने की दर बहुत ही कम है. ऐसे में ठोस जांच दरकिनार कर दी जाती है और मुकदमे से पहले लंबे समय तक जेल में रखना ही सजा बना दिया जाता है. इससे न्याय व्यवस्था का आधारभूत सिद्धांत, जिसमें दोष सिद्ध होने तक अभियुक्त को निर्दोष माना जाता है, ही खारिज हो जाता है. इस माह की 11 तारीख को अपने 85 पन्ने के आदेश में न्यायाधीश एसके कौल और एमएम सुंदरेश ने समस्या के व्यवस्थागत प्रकृति की ओर संकेत किया है– श्अदालतें सोचती हैं कि चूंकि सजा होने की संभावना बहुत ही कम है, तो जमानत की अर्जियों पर कड़ा रुख अपनाना चाहिए. हम जमानत पर विचार करते हुए बहुत सी बातों को नहीं जोड़ सकते, क्योंकि उसका दंड से लेना–देना नहीं है. अगर कोई लंबे समय तक जेल में रहने के बाद बरी हो जाता है, तो वह बेहद गंभीर अन्याय है.श कामकाज का कोई लेना–देना राजनीति या नेताओं या एजेंडे से नहीं होता. व्यवस्था का हर जगह होना उसका संत्रास है. वह हवा व पानी में घुल–मिल जाता है तथा बहुत से लोगों को जेल में डालकर उनमें से कुछ सबसे कमजोर नागरिकों को भूल जाता है. इससे कैसे व्यवस्था की रीढ़ टूटती है, हम उसे आसानी से या ठीक से नहीं समझते. एक तो यह बिना मुकदमे के सजा दे देता है, जिसके लिए सबूतों का संज्ञान लिया जाना चाहिए और हर तरह से परखने के बाद ही अभियुक्त को दोषी ठहराना चाहिए. राज्य ने एकदम बुनियादी स्तर पर और रोजमर्रा के काम में ऐसा कर न्यायिक व्यवस्था को खत्म भले न किया हो, पर उसे अप्रासंगिक जरूर कर दिया है. इतना ही नहीं, यह सब न्यायपालिका के सहयोग से ही हुआ है, जहां लगातार हिरासत में रखने के फैसले दिये जाते हैं और जमानत पाना मुश्किल होता है क्योंकि मामले के बारे में अक्सर न तो ठीक से विचार किया जाता है और कई बार तो उसके बारे में पूछा भी नहीं जाता. अगर हिरासत में रखने की अनुमति चलन बन जाए, तो पुलिस जजों को लेकर निश्चिंत हो जाती है और इसका सीधा व तुरंत असर जांच की गुणवत्ता पर पड़ता है. न्यायाधीश कौल और सुंदरेश ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2014 में दिये गये एक निर्णय को उद्धृत करते हुए लिखा कि श्हमारे इस फैसले का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पुलिसकर्मी अभियुक्त को अनावश्यक रूप से गिरफ्तार नहीं करें और मजिस्ट्रेट लापरवाही से एवं यांत्रिक तौर से उसे पुलिस हिरासत में रखने का आदेश न पारित करें. श वे आगे लिखते हैं, श्हिरासत में रखने का आदेश देने का अधिकार एक गंभीर दायित्व है. इससे नागरिकों की स्वतंत्रता पर असर पड़ता है तथा इस अधिकार का प्रयोग बहुत सावधानी एवं सतर्कता से किया जाना चाहिए. हमारा अनुभव हमें बताता है कि इस अधिकार का प्रयोग उस गंभीरता से नहीं किया जा रहा है, जैसा कि होना चाहिए. बहुत सारे मामलों में हिरासत में रखने का आदेश नियमित, लापरवाही भरा और बिना सोचे–समझे दिया जाता है. असल में, हिरासत का आदेश इतना सामान्य हो गया है कि पुलिस अधिकारी समुचित या पूरा विवरण भी पेश करने की जहमत नहीं उठाते. कभी–कभी इससे जांच एजेंसियों में घमंड भी भर जाता है कि कुछ भी चल सकता है. इससे जांच के शुरुआती चरण में ही मामला भटक जाता है, जबकि इस अहम मोड़ पर बहुत सावधानी बरतने और समयबद्ध होकर काम करने की जरूरत होती है. ऐसा होने से हिरासत में होने वाली हिंसा के मामले से भी पुलिस का बचाव हो जाता है. कानूनी प्रावधानों के बावजूद यह समस्या भी गंभीर होती जा रही है. इसलिए यह कोई अचानक नहीं हुआ है कि सर्वोच्च न्यायालय ने अब औपचारिक रूप से केंद्र सरकार से जमानत पर कानून बनाने को कहा है. न्यायाधीश कौल और सुंदरेश ने रेखांकित किया है, श्हम सरकार से आग्रह करते हैं कि वह ब्रिटेन जैसे अन्य देशों में बने कानूनों की तरह जमानत देने के बारे में विशेष कानून लाने पर विचार करे.

**उदय समाचार**

**दैनिक**

**स्वामी प्रकाशक व मुद्रक उदय कुशवाहा द्वारा हर्षिता प्रिंटर्स साकेत नगर कानपुर नगर (उ प्र) से छपवाकर कार्यालय - जवाहर नगर पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर से प्रकाशित।**

**संपादक**

**उदय कुशवाहा**

Title Code - UPHIN49938

**नोट- समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर न्यायालय मान्य होगा ।**

# राष्ट्रीय प्रसारण दिवस – 23 जुलाई

राष्ट्रीय प्रसारण दिवस हर साल पूरे देश में 23 जुलाई को मनाया जाता है। इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी ने 1927 में इसी दिन बॉम्बे स्टेशन से रेडियो प्रसारण का आयोजन शुरू किया था। इस आयोजन को चिह्नित करने के लिए, ऑल इंडिया रेडियो ने नई दिल्ली में न्यू इंडिया और ब्रॉडकास्टिंग मीडियम के निर्माण पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। 1923 में रेडियो क्लब ऑफ़ बॉम्बे की पहल के तहत ब्रिटिश शासन के दौरान भारत में रेडियो प्रसारण सेवाएं शुरू हुईं। ब्रिटिश सरकार ने 1930 में रेडियो प्रसारण को अपने हाथ में ले लिया और भारतीय राज्य प्रसारण सेवा की शुरुआत की। सरकार ने 1 अप्रैल 1930 को प्रायोगिक आधार पर दो वर्षों के लिए प्रसारण सुविधाओं को अपने हाथ में ले लिया। आईसीसी एक निजी संस्था थी और ब्रिटिश सरकार द्वारा कोलकाता और मुंबई में दो रेडियो स्टेशनों को संचालित करने की अनुमति दी गई थी। मई 1932 में इसे स्थायी रूप से भारतीय राज्य प्रसारण सेवा के रूप में नामित किया गया था। बाद में, इसे 8 जून, 1936 को ऑल इंडिया रेडियो में बदल दिया गया और 1957 में आकाशवाणी बन गया। तब से, इसने लोकप्रियता हासिल की और सामाजिक परिवर्तन किया– लोगों का आर्थिक जीवन। भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक प्रसारण एजेंसी, प्रसार भारती संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित एक वैधानिक स्वायत्त निकाय है और दूरदर्शन टेलीविजन नेटवर्क के अनुरूप है, जो पहले सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाई थी। आज, ऑल इंडिया रेडियो की होम सर्विस में भारत भर में स्थित 414 स्टेशन शामिल हैं, जो पूरे देश के लगभग 92 प्रतिशत और कुल जनसंख्या का लगभग 99. 19 प्रतिशत तक पहुँचता है। एयर 23 भाषाओं और 146 बोलियों में प्रोग्रामिंग प्राप्त करता है। वर्तमान में, ऑल इंडिया रेडियो प्रसारण की भाषाओं की संख्या, सामाजिक–आर्थिक और सांस्कृतिक विविधता के स्पेक्ट्रम के




मामले में दुनिया के सबसे बड़े प्रसारण संगठनों में से एक है।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर अनियंत्रित होकर बस पलटी, 13 यात्रियों की हालत गंभीर

दिल्ली से बिहार जा रही प्राइवेट बस आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर अनियंत्रित होकर पलट गई. बस में 108 यात्री सवार थे, जिनमें 13 यात्रियों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं, सूचना पर पहुची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया. घटना की जानकारी होते ही एसडीएम व सीओ भी मौके पर पहुंच गए.

**श्रमिकों को लेकर बिहार जा रही**

आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे के 221किमी पर गंगापुल के पास शुक्रवार प दोपहर दिल्ली के आनंद विहार से 108 श्रमिकों को लेकर बिहार जा रही डबल डेकर प्राइवेट स्लीपर बस अनियंत्रित होकर पलट गई. हादसे से बस में सवार यात्रियों में चीख–पुकार मच गई. बस पलटने के बाद चालक व परिचालक मौके से फरार हो गए. हादसे की जानकारी होने और यूपीडा के सुरक्षाकर्मी व पुलिस बल एंबुलेंस लेकर पहुंचे. पुलिस ने गंभीर रूप से घायल 13 यात्रियों को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया. जहां उनका इलाज चल रहा है. बस पलटने से यातायात बाधित हो गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से एक्सप्रेसवे की लेन से क्षतिग्रस्त बस को हटवाकर यातायात सुचारु कराया.

**घायलों को देखने के लिए**

एसडीएम आकांक्षा गौतम व प्रभारी सीओ रंजीत कुमार भी सीएचसी पहुंच गए. घायलों को सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने सभी को कानपुर रेफर कर दिया जहां घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है.वहीं, बिल्हौर थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह केआ कहना है कि प्रथम दृष्टया चालक को नींद की झपकी आने के कारण बस पलटने की बात सामने आ रही है. सभी घायलों को सीएचसी भेज दिया गया है. मामूली घायल लोगों का मौके पर उपचार कराकर दूसरे वाहन से गंतव्य के लिए भेजा गया है.



# डीजीपी दिलबाग सिंह की पाक को फटकार, कहा- आतंकियों और उनके मददगारों पर होगी सख्त कार्रवाई

जम्मू–कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने पाकिस्तान को जमकर फटकार लगाई है. उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी एजेंसियां घ्ध्हमारे देश में आतंकी और हिंसा फैलाने के इरादे से ही काम करती हैं. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ढेर सारी गंदगी यहां घुसाना चाहता हैं. इसके लिए वो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं. मासूम बच्चों का भी इस्तेमाल करने से वो नहीं हिचकते. मासूम बच्चों को वे आतंकी बनाते हैं. दिलबाग सिंह ने कहा कि उनके खिलाफ और उनकी मदद करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

पाकिस्तानी युवक को बीएसएफ ने किया गिरफ्ताररू बता दें, हाल ही में राजस्थान के रास्ते एक पाकिस्तानी युवक रिजवान अशरफ भारत की सीमा पर घुस आया था. बताया जा रहा है कि वो नुपूर शर्मा को मारने के इरादे से भारत आया था. पुलिस के अनुसार आरोपी युवक पाकिस्तान में तहरीक–ए–लब्बैक नामक इस्लामी समूह से भी जुड़ा है. लेकिन बीएसएफ ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था. पुलिस के अनुसार युवक ने बताया कि वह शर्मा को मारने की मंशा से भारत में घुसा था.

आतंकियों को मिलता है पाकिस्तान का समर्थनरू गौरतलब है कि पाकिस्तान की ओर लगातार भारत के खिलाफ आतंकियों कार्रवाई की जाती रही है. पाकिस्तान प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से भारत के खिलाफ आतंकियों को मदद करता आया है. कई आतंकियों के लिए पाक की जमीन शरणस्थली बनी हुई है. पीओके में आतंकियों का ट्रेनिंग कैंप चलता है. हालांकि




सेना और सुरक्षाबल इन दिनों पाक समर्थित आतंकियों के खिलाफ खुलकर अभियान चला रही हैं. एनकाउंटर में कई आतंकी मारे जा चुके हैं.

लोकसभा में बोलते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने भी बताया कि जम्मू कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति में काफी सुधार हुआ है. उन्होंने बताया कि आतंकवादी हमलों की संख्या में काफी गिरावट आई है और यह वर्ष 2018 की 417 घटनाओं से कम होकर वर्ष 2021 में 229 हो गई है. नित्यानंद राय ने निचले सदन में जो आंकड़े उपलब्ध कराये गये आंकड़ों के अनुसार, साल 2020 में जम्मू कश्मीर में 244 आतंकवादी घटनाएं घटीं जिनमें 62 सुरक्षा कर्मी शहीद हुए तथा 106 घायल हो गए.

# वाराणसी में तेजी से बढ़ता जा रहा गंगा नदी का जलस्तर, 24 घंटे में डूब सकते हैं घाट

गंगा के जलस्तर में बढ़ाव तेज होने से तटवर्ती इलाकों में रहने वालों की धड़कनें तेज हो गई हैं. गंगा के जलस्तर में हर घंटे 10 मिलीमीटर की रफ्तार से बढ़ाव जारी है. पिछले 24 घंटे में हुई 67 मिलीमीटर बरसात से भी बढ़ाव में तेजी आई है. गंगा के जलस्तर की रफ्तार यही रही तो 24 घंटे में घाटों का संपर्क टूट सकता है. सिंधिया घाट स्थित रत्नेश्वर महादेव का मंदिर देर शाम को जलमग्न हो गया. देर रात गंगा का जलस्तर 61.44 मीटर दर्ज किया गया.

सोनू मांझी ने कहा कि गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है. प्रतिदिन 4 सेंटीमीटर बढ़ रहा है. अगर इसी तरह से जलस्तर बढ़ता रहा तो नावों के संचालन में दिक्कत होगी. अभी तो गंगा में फिर भी नाव आ–जा सकती हैं. मगर जैसे ही पानी बढ़ा तो इसके फ्लो में करंट ज्यादा आने लगेगी. इससे छोटी नाव पानी में नहीं आ पाएगी. इस बार गंगा का जलस्तर बहुत देरी से बढ़ रहा है. हर वर्ष अब तक गंगा का पानी ऊपर तक आ चुका होता था और सभी घाटों का सम्पर्क एक–दूसरे से टूट चुका होता था.

नाविकों ने बताया कि गंगा के जलस्तर की यही रफ्तार रही तो अगले 24 घंटों में घाटों का आपसी संपर्क टूट जाएगा. सप्ताह भर में आरती का स्थल भी बदलना पड़ सकता है. गंगा में बढ़ाव के साथ ही वरुणा में भी पलट प्रवाह शुरू हो गया है. गंगा के जलस्तर में बढ़ाव तेजी से हो रहा है. बीते 36 घंटों में पानी करीब डेढ़ मीटर बढ़ गया है और बढ़ाव जारी है. गंगा के पानी का रंग भी मटमैला हो चुका है. शीतला घाट के आरती स्थल तक गंगा पहुंच चुकी हैं. गोरखनाथ साहनी ने बताया कि गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है. मगर अभी इसमें समय है. इसके बाद ये और तेजी से बढ़ेगी. ये तो अभी प्रारंभ है. अभी इस वक्त जो पानी का लेवल है, उससे 25 फीट और गंगा का पानी बढ़ना चाहिए था. इस बार मां गंगा लेट हुई हैं तो इसकी वजह है बारिश देरी से होना. अभी पहाड़ों में जब अच्छी–खासी बारिश होगी तो डेम का पानी भी छोड़ना होगा. मां लेट भले ही हुई हो मगर उनका स्वरूप विकराल इसबार भी होगा. भादो, क्वार, कार्तिक इन महीनों में भी हमलोगो ने बाढ़ देखा है तो मां थोड़ा लेट आएंगी मगर आएंगी जरूर.

केंद्रीय जल आयोग के अनुसार सुबह आठ बजे तक गंगा के



जलस्तर में चार सेंटीमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार थी जो शाम को तीन सेंटीमीटर प्रतिघंटा पहुंच गया. केंद्रीय जल आयोग की बाढ़ बुलेटिन के अनुसार, सुबह आठ बजे तक गंगा का जलस्तर 61.14 मीटर था. दोपहर 12 बजे 61.28 मीटर, दो बजे 61.32 मीटर और शाम को छह बजे 61.40 मीटर तक पहुंच गया. 10 घंटे में गंगा का जलस्तर 26 सेंटीमीटर बढ़ गया. रात आठ बजे गंगा का जलस्तर 61.44 मीटर तक पहुंच गया था. अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले चौबीस घंटों में काशी में एक मीटर से अधिक जलस्तर बढ़ेगा. गंगा में बढ़ाव को देखते हुए जल पुलिस और एनडीआरएफ को अलर्ट कर दिया गया है.

## जनसंख्या नियंत्रण पर बोले रवि किशन, कहा-विपक्ष से अनुरोध करता हूं कि विधेयक पेश करने दें

विश्व जनसंख्या दिवस यानी वर्ल्ड पॉपुलेशन डे हर साल मनाया जाता है. हालांकि जनसंख्या नियंत्रण के लिए सरकार अभी कोई नया कानून नहीं ला रही है. इस वर्ष विश्व की जनसंख्या 8 बिलियन तक पहुंच गई है. अब इसको लेकर भाजपा सांसद रवि किशन ने कहा, हम विश्व गुरु तभी बन सकते हैं, जब जनसंख्या नियंत्रण विधेयक लाया जाए. जनसंख्या को नियंत्रण में लाने के लिए बहुत जरूरी है. जिस तरह से यह बढ़ रहा है, हम विस्फोट की ओर बढ़ रहे हैं.

**रवि किशन ने कही ये बात**

रवि किशन ने कहा, मैं विपक्ष से अनुरोध करता हूं कि मुझे विधेयक पेश करने दें और सुनें कि मैं इसे क्यों करना चाहता हूं. उन्होंने आगे कहा, यह विकास का बिल है. जिस दिन यह पारित होगा, राष्ट्र विश्व गुरु बनने की ओर उड़ जाएगा. मैं इस बिल को सिर्फ विकास के पहलू से देख रहा हूं, न कि जाति या धर्म के पहलू से.

**असदुद्दीन ओवैसी ने जनसंख्या नियंत्रण का किया विरोध**

बीते दिनों स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने राज्यसभा में कहा था कि सरकार राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है, जो राष्ट्रीय जनसंख्या नीति, 2000 और राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के सिद्धांतों पर आधारित है. वहीं एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि वे बच्चे दो ही अच्छे की नीति का समर्थन नहीं करते हैं. उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के नाम पर अगर मुसलमानों को टारगेट किया गया तो वे इसका विरोध करेंगे.

**क्या है जनसंख्या नियंत्रण कानून?**

आपको बता दें कि भारत में 1.4 बिलियन से अधिक लोगों की जनसंख्या है. 2019 का जनसंख्या नियंत्रण बिल (च्वचन. संजपवद बवदजतवस ठ्पसस) कहता है कि प्रत्येक जोड़ा टू चाइल्ड पॉलिसी को अपनाएंगे यानी की दो से अधिक बच्चे नहीं होगी. हालांकि 2022 में इसे वापस ले लिया गया था. इस पॉलिसी का उद्देश्य जनसंख्या पर नियंत्रण, शैक्षिक लाभ, मुफ्त स्वास्थ्य सेवा, बेहतर रोजगार के अवसर, होम लोन और टैक्स कट के माध्यम से इसे अपनाने को प्रोत्साहित करना था.

# भाजपा पार्षद के भतीजे की हत्या, पहले गोली मारी फिर ईंट से कुचला सिर

कानपुर । कल्याणपुर के मकड़ीखेड़ा में बेखौफ बदमाशों ने वार्ड 44 के भाजपा पार्षद विजय निषाद के भतीजे विशाल (20) की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद सिर को ईंट से कुचल दिया। परिजनों ने ताऊ के बेटे विकास, सोनू, शैलेंद्र व राजेंद्र पर हत्या का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कराई है। पार्षद ने बताया कि गुरुवार रात करीब 10.30 बजे भतीजा विशाल घर में टीवी देख रहा था। तभी विकास का फोन आने पर वह घर से बाहर चला गया। कुछ देर बाद इलाके के रहने वाले लोगों ने विशाल की हत्या की जानकरी दी। परिजन मौके पर पहुंचे तो वह मृत अवस्था में पड़ा मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हत्यारोपियों का विशाल से पहले किसी बात को लेकर पहले विकास झगड़ा हुआ था। इसके बाद अचानक दोनों पक्षों में गाली गालौज शुरू हो गई। विरोध करने पर उसकी हत्या कर दी गई। पिता के अनुसार विशाल हत्यारोपियों के बुलाने पर ही उनसे अकेला मिलने गया था। विवाद के बाद जब विशाल जान बचाने केलिए घर की तरफ भागा तो हत्यारोपियों ने उसपर पीछे से फायर झोंक दिया। जमीन पर गिरते ही उसके सिर पर ईंट से कई वार कर किए । जिससे उसकी मौत हो गई। इससे साफ है कि हत्यारोपी हत्या के इरादे से ही तैयारी करके आए थे। पुलिस पुरानी रंजिश, प्रेम प्रसंग और वर्चस्व को लेकर मामले की जांच में जुटी है।



# पास्को एक्ट में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



कानपुर । साढ़ थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता काफी दिनों से पास्को एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्तों को किया गिरफ्तार व भेजा जेल, जानकारी के अनुसार बता दें कि काफी दिनों से पास्को एक्ट में वांछित चल रहे अरविंद कुमार पुत्र राजकुमार उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम बहादुरगढ़ थाना साढ कानपुर आउटर को बृहस्पतिवार समय करीब 9.30 बजे मुखबिर की सिटीक लोकेशन पर रमईपुर मुख्य चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है तथा मुकदमा उपरोक्त से संबंधित पीड़ित रूबी पाल को सकुशल बरामद कर, आवश्यक विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी । गिरफ्तार करने वाली टीम में साढ़ थानाध्यक्ष जगदीश प्रसाद पांडे, उप निरीक्षक कुलदीप कुमार, उप निरीक्षक भूपेंद्र कुमार, कांस्टेबल अनामिका वर्मा, सामिल रहे।

# एंबुलेंस चालक की लापरवाही से जा सकती है लोगों की जान

कानपुर । घाटमपुर तहसील क्षेत्र के गडथा गांव से एक वीडियो वायरल हो रहा है जिस पर एंबुलेंस पायलट की जगह एमटी महिला रश्मि सिंह एंबुलेंस चलाती नजर आ रही है यह कभी भी बड़े हादसे को अंजाम दे सकती हैं, घाटमपुर में बने, बेनी सिंह अवस्थी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर के एंबुलेंस चालक करते हैं घोर लापरवाही वही आपको बताते चलें कि, तहसील घाटमपुर के ग्राम गड़ाथा के कुछ ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि चालक लापरवाही से महिला हेल्फर को एंबुलेंस गाड़ी सौप देता है कोई अनहोनी होने का रहता है डर जिसको देखते हुए ग्रामीणों में भय व्याप्त है वही



आपको बताते चले की कर्नाटक में एंबुलेंस चालक की लापरवाही के चलते हाल ही में 4 लोगों की जान गई थी । इस तरह की दुर्घटनाएं देखने के बाद भी घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एंबुलेंस चालक सुधरने का नाम नहीं ले रहे इस तरह की लापरवाही एक बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकती है ।

# स्वाइन फ्लू पेशेंट मिलने पर बंद कराई गई मांस की अवैध दुकानें

कानपुर । स्वाइन फ्लू के 2 पेशेंट मिलने के बाद सूअर मांस की बिक्री को बंद कराया जा रहा है। शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने सीटीआई चौराहा पर गामा पहलवान की दुकान पर छापेमारी की। दुकान बिना खाद्य लाइसेंस के संचालित की जा रही थी। नगर निगम कैटिल कैचिंग दस्ता प्रभारी डा. आरके निरंजन ने बताया कि अप्रदूषण कारक पशुओं (सूअर) के मांस की दुकानों का निरीक्षण किया गया। दुकान मालिक के पास खाद्य लाइसेंस नहीं था। वो ये भी नहीं बता पाए कि मांस कहां से लाते हैं। जिसमें पाया गया कि दुकानदार सूअरों को काटकर मांस बेचता है।

बगल के एक होटल में पका मांस बेचा जा रहा था। प्रवर्तन टीम के प्रभारी भी छापेमार टीम में शामिल रहे। प्रभारी कर्नल आलोक नारायण ने बताया कि दुकानदार से 5 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। मौके पर ही कच्चा और पका मांस नष्ट कराया गया। दुकानदार को निर्देश दिए कि खाद्य लाइसेंस के बाद ही दुकान खोलें। कानपुर में गोविंद नगर में रामआसरे नगर और रेलवे मैदान के आसपास करीब 24 से अधिक सूअरों के मौत हो चुकी है। मृत सूअरों के सीरम सैंपल लेकर भोपाल लैब में भेजे गए हैं। 2 से 3 दिन में रिपोर्ट आने की उम्मीद है।

मृत सूअरों के पोस्टमार्टम भी कराए जा रहे हैं। सूअरों को खुले में न छोड़ने को लेकर सुअर पालकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। खुले में छोड़ने पर एफआईआर कराने की चेतावनी तक दी गई है।



# अमृत सरोवर तालाब की खुदाई के दौरान मिले बम, ग्राम प्रधान ने दी प्रशासन को सूचना

फतेहपुर । जनपद के खागा कोतवाली क्षेत्र में अमृत सरोवर तालाब की खुदाई कर रहे मनरेगा के मजदूरों ने खुदाई के दौरान नव बम बरामद किए हैं इस घटना की सूचना ग्राम प्रधान ने प्रशासन को दी बताते चलें कि जनपद के खागा कोतवाली क्षेत्र के भुरचुनी गांव में अमृत सरोवर तालाब की खुदाई का कार्य किया जा रहा है जहां पर मजदूरों द्वारा किए गए कार्य के दौरान वहां पर 9 देसी बम बरामद हुए हैं मजदूरों ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान श्याम लाल



गौतम को दी मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान श्यामलाल गौतम ने देखा कि हकीकत में नव बम रखे हुए हैं मजदूरों में दहशत व्याप्त है ग्राम प्रधान ने इस घटना की सूचना प्रशासन को दी मौके पर पहुंचा प्रशासन छानबीन में जुटा हुआ है ।

# शहर की ज्योत्सना ने किया टॉप, सीबीएसई 12वीं में प्राप्त किए 99.4 अंक

### साइकोलॉजिस्ट बनना चाहती है ज्योत्सना मिश्रा



कानपुर । सीबीएसई बोर्ड की ओर से 12वीं के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। कानपुर की ज्योत्सना मिश्रा ने सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में शहर टॉप किया है। सिटी टॉपर बनी ज्योत्सना मिश्रा को 99.4 फ़ीसदी अंक मिले हैं। ज्योत्सना का कहना है कि कंसिस्टेंसी सफलता का मूल मंत्र है। लगातार पढ़ाई करने की वजह से उसे यह सफलता हासिल हुई है। ज्योत्सना भविष्य में साइकोलॉजिस्ट बनना चाहती है। उनका कहना है कि देश में गरीबी और भ्रष्टाचार सबसे बड़ी समस्या है। राजनीति और अर्थशास्त्र में विशेष रूचि रखने वाली ज्योत्सना का कहना है कि कोई सरकार परफेक्ट नहीं हो सकती। वर्तमान सरकार के कामकाज ठीक है लेकिन परिणाम अगले कुछ वर्षों में मिलेंगे।

# ई-रिक्शा की टक्कर से छात्रा घायल

फतेहपुर । जनपद के बिंदकी कोतवाली क्षेत्र में राजकीय महिला महाविद्यालय के सामने खड़ी छात्रा को ई रिक्शा ने टक्कर मार दी जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है बताते चलें कि बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के कुंवरपुर रोड स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्रा प्रज्ञा द्विवेदी उम्र 20 वर्ष पुत्री धार्मेंद्र द्विवेदी निवासी मिलकिनखेड़ा छात्रा जोकि महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी जो स्कूल के बाहर सवारी के इंतजार में खड़ी हुई थी ।

तभी एक तेज रफ्तार अनियंत्रित



ई रिक्शा ने टक्कर मार दी जिससे छात्रा प्रज्ञा द्विवेदी गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे मौजूद स्टाफ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया और इसके बाद परिजनों को इस घटना की सूचना दी मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे परिजनों ने प्रज्ञा द्विवेदी की हालत देख अफरा-तफरी मच गई जहां पर उसका इलाज किया जा रहा है ।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

### टक्कर में खंती में जा गिरे बाइक सवार

फतेहपुर । जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र में एक बाइक और कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया और दोनों खंती में जा गिरे शुक्रवार दोपहर बारिश के चलते गाजीपुर पावर हाउस के समीप आमने सामने से आ रही बाइक और कार मैं टक्कर हो गई जिससे दोनों गाड़ियां फिसल कर खंती में जा गिरी जहां पर पानी भरा हुआ था पानी भरा होने के चलते कार सवारों को चोटें नहीं आई हैं जबकि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार को बाहर निकाला और



108 एंबुलेंस की मदद से सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर उसका इलाज किया जा रहा है हालांकि कार सवारों को पानी भरा होने के चलते नॉर्मल चोटें आई हैं जो प्राथमिक उपचार के बाद अपने घर वापस चले गए हालांकि कार अभी पानी से नहीं निकाली जा सकी है बाइक और कार घटनास्थल पर पड़ी हुई है कार और बाइक काफी क्षतिग्रस्त है ।

# करंट की चपेट में आए युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

फतेहपुर । जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र में हाईटेंशन लाइन का करंट टीन सेट में उतर गया जिसमें एक युवक चपेट में आ गया जिससे उसके इलाज के दौरान मौत हो गई बताते चलें कि बकेवर थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर गांव निवासी रवि कुमार उम्र 50 वर्ष पुत्र भोलानाथ जो कि अपने घर में टीन सेड के नीचे सो रहा था तभी घर के बगल से निकली हाई टेंशन लाइन किसी तरह टीन सेट में टच हो गई जिसमें करंट उतर आया उसके नीचे लगे लोहे के खंभे मैंकरंट आ गया युवक ने उठ कर खंभे को पकड़ लिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया परिजनों ने इस घटना




को देख आनन फानन निजी वाहन से सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सकों ने रवि की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया हालत इतनी नाजुक थी कि रवि जिला अस्पताल पहुंचने के पहले ही दम तोड़ दिया सूचना मिलते ही परिवारी जनों में कोहराम मच गया इस घटना की सूचना बिजली विभाग के अधिकारियों व पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी हुई है ।

# वैभव एंटरप्राइजेज के गोदाम में छापेमारी में पकड़ी गई 543 किलो पॉलिथीन

कानपुर । शुक्रवार को नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। आई-2/107, केशवपुरम, कल्याणपुर स्थित वैभव एंटरप्राइजेज के गोदाम में छापेमारी कर 543 किलो बैन पॉलिथीन पकड़ी गई। प्रभारी कर्नल आलोक नारायण ने बताया कि बैन पॉलिथीन को देर रात लोडर से दुकानों को सप्लाई किया जाता था। प्रवर्तन दस्ता प्रभारी ने बताया कि गोदाम मनोज केसरवानी का है जिससे यह व्यापार की आड़ में अन्य परचून के सामान के साथ प्रतिबंधित पॉलीथीन भी आस पास के इलाकों में सप्लाई करता है। प्रवर्तन दल के सदस्यों द्वारा



सादे कपड़ों में कई दिनों से इस गोदाम पर नजर रखी जा रही थी। छापे में भारी मात्रा में थर्मोकोल की प्लेटें, प्लास्टिक कैरीबैग, ग्लास, कटोरी, चम्मच, कांटे इत्यादि जब्त कर गोदाम के ही लोडर में भरकर नगर निगम लाया गया। जब्त की गई सामग्री का कुल वजन 543 किलो है। राजस्व निरीक्षक दिग्विजय नाथ द्वारा 50,000 रुपए जुर्माना माल मालिक से वसूला। जब्त माल को निस्तारण के लिए पनकी कूड़ा प्लांट भेजा गया।

# करंट की चपेट में आकर युवक की मौत, 6 माह पूर्व हुई थी शादी

कानपुर । घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के पतारा कस्बा निवासी युवक की जहागीराबाद कस्बे में इलेट्रानिक की दुकान है। शुक्रवार शाम युवक दुकान में इंवेटर सही कर रहा था। तभी उसे करेंट लग गया। पड़ोसी दुकानदारों ने फोनकर परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन युवक को घाटमपुर सीएचसी ले गए जहां प्राथमिक उपचार कर युवक को गभीर हालत में कार्डियोलॉजी रेफर कर दिया गया। जहां युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पतारा कस्बा निवासी शिवकरन सिंह का 30 वर्षीय बेटा राज प्रताप जहागीराबाद में इलेक्ट्रानिक की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बीते 27 नवंबर को युवक की शादी बिधनू थाना क्षेत्र के दलेलपुर गांव निवासी शालिनी के साथ हुई थी। शुक्रवार शाम राज प्रताप दुकान में इन्वेटर सही कर रहे थे। इस दौरान उन्हें करेंट लग गया। जिससे वह जमीन पर गिर पड़े। पड़ोसी दुकानदारों ने दी परिजनों को



सूचना पड़ोसी दुकानदारों ने फोनकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजन युवक को आनन फानन घाटमपुर सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार कर युवक को गंभीर हालत में कार्डियोलॉजी रेफर कर दिया जहां युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद से मृतक की पत्नी शालिनी समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# पकौड़ा विक्रेता दुकानदार को पैसा ना देने पर गाली गलौज किया।

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में इन दिनों पुलिस की सक्रियता के बाद भी आए दिन कहीं पकौड़ा चाय की दुकान पर तो कहीं टेंपो स्टैंड पर मारपीट और गाली-गलौज करते नजर आते हैं इसी कड़ी में गुरुवार बाद 4 बजे जाफराबाद निवासी अरविंद पुत्र राम मोहन शिवराजपुर गंगा घाट पर दुकान पर बैठकर दुकानदारी कर रहा था उसी समय शिवराजपुर निवासी शंकर सिंह पुत्र मनोज सिंह दो अन्य व्यक्तियों के साथ दुकान पर आया और मां बहन की गालियां देने से हुए धमकी देते हुए बताया कि मुन्ना माइकल को मौत के घाट उतार दिया है उसी तरह से तुमको भी पहुंचा देंगे मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीनों युवक शिवराजपुर की तरफ भाग गए इसकी सूचना थाना शिवराजपुर को देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई शुक्रवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार को प्रार्थना पत्र देकर आपबीती बताई उन्होंने थानाध्यक्ष शिवराजपुर को आदेशित करते हुए कहा निश्चिंत होकर अपनी दुकानदारी करें जांच कर पुलिस कार्रवाई करेगी

# निर्विरोध होने पर जिला भाजपा कार्यालय पर अवधेश वर्मा का हुआ भव्य स्वागत

श्रावस्ती । भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिला पंचायत सदस्य वार्ड संख्या 8 के उप चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित भाजपा प्रत्याशी अवधेश वर्मा का भव्य स्वागत किया गया। विदित हो पिछले दिनों 17 जुलाई को वार्ड संख्या 8 के उप चुनाव हेतु अधिसूचना जारी होने के बाद 19 जुलाई को भाजपा द्वारा अवधेश वर्मा को वार्ड संख्या 8 का भाजपा समर्थित प्रत्याशी घोषित किया था। 20 जुलाई को नामांकन पत्र दाखिल करने के क्रम में भाजपा प्रत्याशी अवधेश वर्मा सहित कुल 9 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था । 22 जुलाई को नामांकन पत्र वापिस लेने की प्रक्रिया में बाकी सभी निर्दलीय प्रत्याशियों ने भाजपा प्रत्याशी अवधेश वर्मा के समर्थन में अपना पर्चा वापिस ले लिया और अवधेश वर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्विरोध घोषणा के बाद जिला भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम की अध्यक्षता में आयोजित स्वागत समारोह संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहाकि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित दल के साथ साथ एक परिवार है और आज अवधेश वर्मा के पक्ष में अमित सिंह पुंजू सहित बाकी सभी जिला पंचायत के संभावित प्रत्याशियों द्वारा अपना समर्थन देकर इस परिवार को भारतीय जनता पार्टी श्रावस्ती परिवार को और मजबूती प्रदान की है। जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने बताया कि आज अवधेष वर्मा की निर्विरोध जीत सिर्फ उनकी ही नही उनको समर्थन देने वाले अन्य प्रत्याशियों की, जिले के देवतुल्य कार्यकर्ताओं की तथा धरातल पर जन जन के जीवन को संवारने वालो मोदी, योगी जी के जन कल्याणकारी योजनाओं और भाजपा की लोकप्रियता की जीत है। इस दौरान जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम तथा जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी द्वारा



अमित सिंह पुंजु को भाजपा की टोपी पहनाकर उन्हें भाजपा में शामिल किया। अमित सिंह पुंजु ने कहाकि मैं भाजपा के जन कल्याणकारी योजनाओं और मोदी योगी के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो रहा हूँ भाजपा की नीतियों को आत्मसात करते हुए निरन्तर पार्टी के लिए कार्य करूंगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा तथा विधायक श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय ने भी सभी प्रत्यशियों को माला व अंगवस्त्रम पहनायी और निर्विरोध निर्वाचित अवधेश वर्मा को अपने सम्बोधन के माध्यम से बधाई दी तथा अन्य सभी प्रत्यशियों का आभार प्रकट किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कैराती पटेल, कमलेश सिंह कमला प्रसाद वर्मा, सुधीर सिंह, संजय यादव, मालिक राम यादव, सुरेश वर्मा, दिवाकर शुक्ला, रमन सिंह, पुरुषोत्तम कौशल, उदय प्रकाश त्रिपाठी, देव प्रताप सिंह, जिला मीडिया प्रभारी संजू तिवारी, सुभाष सत्या, प्रकाश चंद, कमलेश सिंह अधिवक्ता, अभिषेक पाण्डेय आदि भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार

श्रावस्ती । पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रभावी नियंत्रण व अपराधों की रोकथाम के संबंध में दिए गए आदेश व निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी पर्य वेषण क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व में थाना अध्यक्ष पंकज कुमार थाना सिरसिया द्वारा पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 205 /2022 धारा 306,201 भारतीय दंड विधान से संबंधित अभियुक्त रमेश पुत्र उदय बहादुर पासी निवासी ग्राम धर्मपुर पंडित




पुरवा थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती को मुखबिर की सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी टीम में यस आई योगेंद्र नाथ चौकी प्रभारी जोखवा थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती, कांस्टेबल आशीष कुमार, कांस्टेबल संतोष कुमार, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती सामिल रहे ।

# झाड़ियों के पास पड़ा मिला नर कंकाल, कंकाल मिलने से इलाके में मचा हड़कंप

**'नर कंकाल को देखते ही होमगार्ड ने पुलिस को दी सूचना, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए कंकाल को भेजा'**

'हमीरपुर'– गुरूवार देर रात मौदहा कस्बे के एसडीएम आवास के निकट बनी पुरानी मंडी चौकी के निकट आ रही दुर्गंध के कारण लोगों ने देखा तो किसी अज्ञात व्यक्ति का कंकाल मिलने की बात सामने आई है सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने कंकाल का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।हालांकि पांच छः महीने पहले इस क्षेत्र में एक पागल घूमता था और कुछ समय से दिखाई नहीं दे रहा है हालांकि अभी तक कंकाल की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मौदहा कस्बे के प्रशासनिक दृष्टिकोण से न्यायालय,एसडीएम आवास, क्षेत्राधिकारी आवास सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों का निवास स्थान होने के बाद भी पुरानी मण्डी चौकी के निकट बबूल की झाडियों के बीच करीब पांच महीने पुराना कंकाल मिलने से लोगों के बीच चर्चाओं का बाजार गर्म है।गुरुवार देर रात कोतवाली में तैनात होमगार्ड को दुर्गंध आने के बाद होमगार्ड बाबूराम ने पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।जबकि पोस्टमार्टम के बाद कंकाल की पहचान कराने के उद्देश्य से डीएनए टेस्ट भी कराया जाएगा। लेकिन सवाल यह उठता है कि जबतक किसी गुमशुदगी की सूचना न हो तब तक डीएनए जांच की कोई अहमियत नहीं है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पटेल ने बताया कि, होमगार्ड बाबूराम द्वारा सूचना दी गई थी कि कस्बे की मंडी समिति चौकी के पास स्थित बबूल के जंगल की झाड़ियों की आड़ में अज्ञात व्यक्ति का कंकाल व सिर का कंकाल व सड़े गले कपड़े व काला पड़ा जैकिट दिखाई पड़ा है। दुर्गंध देने के कारण सुरक्षा ड्यूटी पर लगने के कारण यहां समय करीब 00:15 बजे रात्रि देखने पर जानकारी हुई आसपास से कि दो–तीन माह पूर्व ठंडी के समय एक पागल अज्ञात व्यक्ति कस्बे में टहलता था काफी समय से नहीं दिख रहा है संभावना है उसी का कंकाल है। कंकाल व कपड़े कब्जे में लिए गए हैं कंकाल को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कंकाल का डीएनए टेस्ट कराकर शिनाख्त की कोशिश की जाएगी।फिलहाल शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत आयोजित हुई निशुल्क कोचिंग समीक्षा बैठक

उन्नाव । एल वेंकटेश्वर लू प्रमुख सचिव परिवहन विभाग एवं महानिदेशक, उपाम उप्र शासन ने मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना निशुल्क कोचिंग समीक्षा बैठक स्थिानीय विकास भवन सभागार में भाग लिया। प्रमुख सचिव परिवहन विभाग एवं महा निदेशक, उपाम उप्र शासन ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत जनपद में संचालित निशुल्क कोचिंग में किस–किस स्ट्रीम में कितने–कितने छात्रों का प्रवेश दिया गया है। उन्होंने उपस्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी डा नीलम सिंह एवं प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कॉलेज उन्नाव को निर्देश दिये हैं कि मा मुख्य मंत्री जी का स्पेशल कार्यक्रम अभ्युदय योजना है जिसके तहत गरीब बच्चों को जेई, नीट, यूपीएससी, पीसीएस एनडीए, बैंकिंग आदि की निशुल्क शिक्षा दिये जाने की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर नोडल कॉलेज तैयार करायें जाएं। तथा मार्गदर्शन हेतु विषय विशेषज्ञों के माध्यम से शिक्षा उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की जाए। ताकि आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को समाज में आगे बढ़ने का मौका मिल सके। आनलाइन क्लासेस पर ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि अलग–अलग कोर्स की कक्षाएं चलायी जाए प्रयास किया जाए की एक ही जगह पर पूरी शिक्षा मिल सके। गरीब छात्रों को निशुल्क पुस्तक उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये।




समय–समय पर कैरियर काउसिलिंग करायी जाए। उतीर्ण छात्रों को बुलाकर बच्चों की कॉउसिलिंग करायी जाए। इससे बच्चों में एक नया उत्साह एवं सीखने का मौका मिलेगा।
बैठक में जिलाधिकारी श्री रवीन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी नरेन्द्र सिंह, नगर मजिस्ट्रेट श्रीमती विजेता, समस्त उप जिलाधिकारी सहित संबंधित जनपदीय अधिकारी एवं विद्यालयों के प्रधानाचार्य गण आदि उपस्थित रहे।

# बासी खाना खाने से एक परिवार के 14 लोग बीमार, कई की हालत गंभीर

कन्नौज । जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला मकरंद नगर में बासी खाना खाने से एक ही परिवार के तीन बच्चों समेत 14 लोगों की हालत बिगड़ गई। इन सभी को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। बता दें कि मकरंदनगर निवासी राकेश राठौर (58) का बर्फ का कारखाना है। राकेश के मुताबिक बीते मंगलवार को उन्होंने सुंदरकांड का पाठ कराया था और इसके बाद भंडारे का आयोजन किया था। घर में पर्याप्त बर्फ होने के कारण भंडारे में बची हुई सब्जी को रख लिया गया था। इस सब्जी को परिजन खाने में इस्तेमाल कर रहे थे। गुरुवार रात में सब्जी खाने के बाद परिजनों को उल्टी दस्त की शिकायत हो गई। रात में घरेलू उपचार किया गया, लेकिन राहत नहीं मिली। रात से सुबह तक राकेश की पत्नी अवधेश कुमारी (55), छोटा भाई राजेश



(48), राजेश की पत्नी सीमा (45), भतीजा अमित (40), अमित की पत्नी अर्चना (38), अमित की दो पुत्रियां अंशिका (10), अनुष्का (6) और पुत्र सक्षम (4), राजेश का पुत्र आदित्य (17), पुत्री युगिता (14), और राजेश की भतीजा आख्या (15) के साथ ही भाभी मंजू (60) की भी हालत बिगड़ गई। शुक्रवार सुबह एक एक कर इन लोगों के अस्पताल पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ। एक ही परिवार के कई लोगों के बीमार हो जाने की जानकारी पर खलबली मच गई। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने खुद ही इनके इलाज और भर्ती कराने की व्यवस्था संभाली।

सभी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। डॉ. बसु ने बताया कि बासी खाना खाने से यह लोग बीमार हुए हैं। उपचार किया जा रहा है। जल्द ही स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश

उन्नाव । एल वेंकटेश्वर लू, प्रमुख सचिव परिवहन विभाग उप्र शासन ने मुख्य अतिथि के रूप में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में भाग लिया तथा जिलाधिकारी श्री रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। प्रमुख सचिव परिवहन विभाग उप्र शासन ने जिला सड़क सुरक्षा समिति में उपस्थित सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि विद्यालयों में छात्र/छात्राओं को लाने ले जाने हेतु जो वाहन लगाये गये है उन वाहनों के फिटनेस अनिवार्य रूप से करायी जाये ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घर्टना न होने पाये। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी श्री आदित्य त्रिपाठी एवं श्री अरविन्द्र कुमार सिंह को स्पष्ट निर्देश दिये गये कि जनपद में कोई भी वाहन बगैर फिटनेस के न चलता पाया जाये। इस हेतु शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। विद्यालय यान समिति को सक्रिय किया जाए। विद्यालय के प्राधानाचार्यों, प्रबन्धकों एवं अभिभावकों आदि के साथ प्रत्येक दशा में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन करके यातायात नियमों एवं दुर्घटना से बचने हेतु जागरूक किया जाए। हाईवे सड़कों पर संकेतक एवं रोड़ सेफ्टी लगाये जाये इसके लिये आवश्यक होगा की रोड़ सेफ्टी क्लब का ज्यादा से ज्यादा गठन कराया जाए। ओवरलोड़ वाहन एवं खनन से संबंधित वाहनों में अनिवार्य रूप से सिक्योरिटी नम्बर प्लेट अवश्य लगवायी जायें। मार्ग दुर्घटनाओं एवं नगरीक्षेत्रों में जाम से बचने के लिये अतिक्रमण हटवाया जाये। उन्होंने कहा ब्लैक स्पाटों, डग्गामार/अधिकृत संचालित एवं ओवर लोड यात्री एवं भार वाहनों



पर नजर बनायी रखी जाए। जनपद में राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय राजमार्गों पर मार्ग दुर्घटनाओं से घायल व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना एवं निर्धारित लोकेशन पर एम्बुलेन्सों की व्यवस्था करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये गये। बैठक में प्रमुख रूप से पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश त्रिपाठी, सम्भागीय परिवहन अधिकारी लखनऊ मण्डल श्री संदीप कुमार पंकज, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी श्री आदित्य त्रिपाठी, अरविन्द कुमार सिंह, प्रतिभा गौतम, यात्री एवं मालकर अधिकारी श्री मदन चन्द्र सहित जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# ट्रक से कुचलकर छात्र की मौत, गुस्साए परिजनों ने लगाया जाम

उन्नाव । जिले के पुरवा थाना क्षेत्र में साइकिल से स्कूल जा रहे छात्र को ट्रक ने कुचल दिया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने रास्ता जाम कर दिया। सीओ कोतवाल घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों को शांत कराकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने चालक को ट्रक सहित गिरफ्तार किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव भगतखेड़ा निवासी राजेंद्र का बेटा राजू (12) सिटी पब्लिक स्कूल में कक्षा एक का छात्र था। शुक्रवार सुबह वह साइकिल से स्कूल जा रहा था। पुरवा सोहरामऊ मार्ग पर एक विद्यालय के पास सामने से आ रहे खाली ट्रक ने उसे कुचल



दिया। घटना के बाद चालक ट्रक रोककर बच्चे को उठाया, लेकिन उसके सांसे थम चुकी थी। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने मार्ग जाम कर दिया। घटनास्थल पर पंहुचे एसडीएम अजीत जयसवाल, सीओ विक्रमाजीत सिंह और कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने चालक को हिरासत में लिया। साथ ही परिजनों को समझा कर मामला शांत कराया। अधिकारियों ने ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन भी दिया।

# पौधरोपण कर लिया क्लीन औरैया ग्रीन औरैया का संकल्प

औरैया । एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत क्लीन औरैया ग्रीन औरैया को दृष्टिगत रखते की गई। इस वर्ष भी छायादार, लंबी आयु व सर्वाधिक ऑक्सीजन देने वाले पौधों के पौधारोपण हेतु जीवनधारा पौधारोपण अभियान लक्ष्य– 5100 चलाया जा रहा है। जिसके तहत पौधरोपण हुआ तो आस पास के दुकानदारों ने देखभाल की शपथ ली। शुक्रवार को अटल आश्रय गृह के समीप सार्वजनिक मार्ग पर समिति के सदस्यों द्वारा ट्री गार्ड के साथ कदम, चितवन, पकड़िया व अशोक के पौधों का पौधारोपण किया गया। समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकट ने बताया कि पेड़–पौधे से हमें जीवनदायिनी प्राण वायु के साथ तमाम दुर्लभ औषधियां, फल, फूल, मावा व लकड़ी आदि चीजें सुगमता से प्राप्त होती हैं।

पेड़ पौधों से तमाम जीव–जंतुओं को भोजन व रहने आश्रय मिलता है। पेड़ पौधे वर्षा करने में सहायक होते हैं, हमारे जीवन में पर्यावरण व पेड़ पौधों की महत्वपूर्ण भूमिका हैं। इनकी अनदेखी से पर्यावरण असंतुलित




हो रहा है। लोगों को निरोग व प्रसन्न चित्त रहने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण कर प्रकृति का श्रंगार करना चाहिए।जागरूक लोगों को पेड़ पौधों के महत्व के बारे में बताते हुए पौधारोपण हेतु प्रेरित करना चाहिए।

# जहांगीराबाद प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका दूसरी जगह संबद्ध, चार सालों से विद्यालय में नहीं प्रधानाध्यापक

कानपुर । घाटमपुर तहसील क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव स्थित मॉडल प्राथमिक विद्यालय में अधिकारियों की लापरवाही का एक मामला सामने आया है। यहां पर तैनात प्रधानाध्यापिका को अधिकारियों ने चार साल पहले दूसरी जगह संबद्ध कर दिया था। यहां से उन्हें कार्यमुक्त नही किया गया। जिसके चलते यहां पर किसी ने चार सालों से प्रधानाध्यापिका का चेहरा तक नहीं देखा है। ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों से मामले की शिकायत की है। अधिकारी इस बात से अनजान बने बैठे है। पतारा विकासखंड के जहागीराबाद गांव स्थित मॉडल प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापिका की तैनाती है। वो कभी स्कूल नहीं आती है। मामले की जानकारी करने दैनिक भास्कर टीम जब जहांगीराबाद गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय पहुंची तो पता चला कि यहां पर मॉडल प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक समेत पांच शिक्षक व दो शिक्षा मित्रों की तैनाती है। यहां पर जानकारी हुई की अधिकारियों ने प्रधानाध्यापिका तृप्ति दीक्षित को बीते चार वर्ष पहले राजकीय बाल गृह (बालिका) कानपुर नगर में बच्चों को पढ़ाने के लिए संबद्ध कर दिया था। पर उन्हें यहां से कार्यमुक्त नही किया है, जिसके चलते विद्यालय में उनकी तैनाती है। वह कभी स्कूल नहीं पहुंचती है। यहां प्राथमिक विद्यालय में लगभग 110 छात्र व 122 छात्राएं है। जिन्हें यहां पर तैनात चार






टीचर व दो शिक्षा मित्र पढ़ातें है । स्कूल में पढ़ने वाले छात्र व छात्राओं का कहना है कि उन्होंने कभी प्रधानाध्यापक को नहीं देखा है। वही जहांगीराबाद गांव निवासी रमेश कुमार, अतीक अहमद ने बताया कि उनके बच्चे बीते चार वर्षों से विद्यालय में पढ़ रहे है। पर उन्होंने कभी भी यहां पर तैनात प्रधानाध्यापक तृप्ति दीक्षित को नहीं देखा है। मामले में कानपुर बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत सिंह ने बताया कि उन्हें वहां कार्यमुक्त क्यों नही किया गया। इसकी जांच करवाएंगे कार्रवाई की जायेगी।

# ट्रेन से कटकर हुई युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

औरैया । फफूंद स्टेशन पर फरक्का एक्सप्रेस चेन पुलिंग कर पत्नी व बच्चों सहित उतरा युवक दूसरी तरफ से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी और बच्चे चीखते–चिल्लाते बदहवास हो गए। मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अम्बेडकर नगर के थाना बेवाना अशरफाबाद निवासी रत्नेश यादव पुत्र रमेश यादव कानपुर लेदर फैक्ट्री में काम करता था पिछले सप्ताह पत्नी व बच्चों के साथ अपने गांव गया था। गुरुवार को वह पत्नी व बच्चों के साथ कानपुर लौट रहा था। रात में सभी लोग ट्रेन में सो गए ट्रेन जब कानपुर से निकल आई तो रत्नेश की नीद खुली तब तक अगला स्टेशन फफूंद आने वाला था।

उसने यात्रियों को अपनी समस्या बताई इसके बाद उसने फफूंद स्टेशन पर चेन पुलिंग कर दी। ट्रेन से उतर कर वह बैग व



सामान लेकर दूसरी तरफ क्रास करने लगा। इसी बीच दूसरी लाइन पर आ रही ट्रेन की चपेट में वह आ गया। जीआरपी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पत्नी और बच्चों को जीआरपी चौकी में बिठाया गया और परिजनों को सूचना दी गई। शुक्रवार को दोपहर बाद परिजन आए और शव को अंतिम संस्कार के लिए पैतृक गांव ले गए।